हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

14 जल वितरण में आ रही समस्याओं का करें ...

14 खाद-बीज विक्रेताओं ने सांकेतिक हड़ताल ...

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

महासमुंद। बिरकोनी के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र ढीढी 27 अप्रैल को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 9727 से ड्यूटी के लिए घोड़ारी जा रहा था। बिरकोनी के आरजी पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाईवे 53 में एक अज्ञात वाहन ने पीछे से तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये जितेंद्र ढीढी के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

भगवान नृसिंह जयंती आज

महासमुंद। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नृसिंह जयंती का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने नृसिंह रूप में अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान का स्वरूप आधे शेर का और आधे मनुष्य का था। भगवान विष्णु ने ये अवतार अपने भक्त प्रह्लाद को बचाने और हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए लिया था। यह दिन भगवान विष्णु के उग्र स्वरूप भगवान नृसिंह को समर्पित है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्तों की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस साल नृसिंह जयंती 30 अप्रैल को मनाई जाएगी।

परीक्षा परिणाम : कक्षा 10वीं में 8 एवं 12वीं में 4 छात्राओं ने बनाई टॉप-टेन में जगह, मिली सराहना

जिले की बेटियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित सत्र 2025-26 के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में महासमुंद जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जिले के विद्यार्थियों ने न केवल उत्तीर्ण प्रतिशत में बेहतर उपलब्धि हासिल की, बल्कि प्रदेश की मेरिट सूची में भी स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। खास बात यह रही कि इस वर्ष भी छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

कक्षा 10वीं परीक्षा में जिले से कुल 12 हजार 851 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें 5 हजार 461 बालक तथा 7 हजार 390 बालिकाएं शामिल थीं। इनमें से 12 हजार 663 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परिणाम में कुल 10 हजार 3 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे जिले का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 79.35 रहा। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.64 रहा, जबकि छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.49 दर्ज किया गया। इससे स्पष्ट है कि बालिकाओं ने एक बार फिर बेहतर परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। श्रेणीवार परिणाम की बात करें तो 5 हजार 385 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 4 हजार 253 ने द्वितीय श्रेणी तथा 365 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की।

प्रदेश की टॉप-10 सूची में जिले के 8 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया, जिनमें अधिकांश छात्राएं हैं। प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से संध्या नायक (एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुन्दा) एवं परीरानी प्रधान (एकलव्य इंग्लिश स्कूल बलोदा) रहीं। दोनों ने 600 में से 594 अंक प्राप्त कर 99 प्रतिशत अंक हासिल किए।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों की सफलता पर जताई खुशी

छात्रों की सफलता पर कलेक्टर ने जताया हर्ष

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इन परीक्षार्थियों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

जिले की छात्राओं का दसवीं और बारहवी की प्रावीण्य सूची में दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दसवी और बारहवी के परिणाम घोषित होने के साथ ही जिले की 12 छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में अपना दबदबा दर्ज कराया है। जिले से इस सूची में शामिल होने वाली सभी छात्राएं हैं। महासमुंद जिले की संध्या नायक और परिरानी प्रधान ने सीजी बोर्ड की 10वीं परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है। संध्या महासमुंद जिले के सरायपाली क्षेत्र की एकलव्य इंग्लिश मीडियम अर्जुंडा की छात्रा है, वहीं परीरानी एकलव्य इंग्लिश स्कूल बलौदा की छात्रा है। दोनों छात्राएं 600 में से 594 अंक अर्जित करते हुए 99 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में अव्वल रही। इन ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ीं संध्या और परिरानी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित कर यह साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी मेहनत और लगन से बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं।

पूरी मेरिट सूची में रहा महासमुंद का दबदबा

दसवी की मेरिट सूची में जिले के कुल 8 छात्रों ने स्थान बनाया है। दूसरे स्थान पर रानू सिध्दिमई साहू व रेणुका प्रधान रहीं। इसी प्रकार 7वें स्थान पर चाहत चौधरी, 8वें स्थान पर टीसा साहू व दसवें स्थान पर भारती चंद्रा व लता चौधरी रहीं। बता दें कि मेरिट में आने वाले यह छात्र भी एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा के ही छात्र हैं।

बारहवी में कुल चार ने मेरिट में दर्ज कराया नाम

बारहवी बोर्ड की परीक्षा में कुल 4 छात्रों ने प्राविण्य सूची में स्थान पाया है। प्रदेश में चौथे नंबर पर केजी कान्वेंट सरायपाली की छात्रा शहनाज परवीन, 7वें स्थान पर केपीआई स्कूल चट्टीगिरोला सरायपाली की छात्रा गीतिका प्रधान तथा 9वें स्थान पर सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा की छात्रा पूर्वी देवांगन व एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा की छात्रा दिव्या अग्रवाल रहीं।

सशिमं की छात्रा पूर्वी देवांगन ने रचा इतिहास

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की मेरिट सूची में नवम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकंडरी स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा की प्रतिभावान छात्रा पूर्वी देवांगन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन मेरिट सूची में नवम स्थान प्राप्त किया है। पौरवी, खेल शिक्षक हिरेंद्र देवांगन की सुपुत्री है। छात्रा की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

पौरवी देवांगन ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि बागबाहरा क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय संचालन समिति के उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सदस्य घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, प्रीतम सिंह दीवान, तारा शर्मा, नरेश जैन, विकास बग्गा, शैलेंद्र तिवारी, प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर एवं समस्त आचार्यों ने कहा कि पौरवी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर छात्रा के माता-पिता ने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। नगर के नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने भी पौरवी देवांगन की सफलता पर हर्ष जताया है। सरस्वती शिशु मंदिर, बागबाहरा वर्षों से संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम दिलाने में निरंतर अग्रणी रहा है। पौरवी देवांगन की यह सफलता विद्यालय की श्रेष्ठ शैक्षणिक परंपरा का प्रमाण है।

शराब बेचने से मना करने पर सरपंच से मारपीट

महासमुंद। घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहे व्यक्ति ने ग्राम ठाकुरदिया खुर्द के सरपंच के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम ठाकुरदिया खुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा पिता पवन सिन्हा ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह 28 अप्रैल की सुबह 06 से 07 बजे के बीच टहलने के लिये घर से निकला था, इसी दौरान देखा कि गांव का चैतराम साहू अपने घर आंगन में अवैध रूप से देशी महुआ शराब की बिक्री कर रहा था। सरपंच द्वारा उसे ऐसा करने से मना करने पर आरोपी भड़क गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मारपीट करने से सरपंच के पीठ, कंधे, हाथ में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाया गया विशेष अभियान

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक महासमुंद के निर्देशन में सरायपाली अनुभाग अंतर्गत थाना सरायपाली, सिंघोड़ा, बसना, बलौदा एवं चौकी भंवरपुर क्षेत्र के लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के लंबित गिरफ्तारी वारंट, जमानतीय वारंट, समंस की तमिली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में अनुविभाग सरायपाली अंतर्गत 25 फरार स्थायी वारंटी और 34 जमानती वारंट सहित कुल 59 वारंटों को निष्पादन किया गया है। उक्त वारंटों में स्थानीय न्यायालय एवं दीगर जिलों के न्यायालय से प्राप्त वारंट शामिल थे। अनुविभाग के सभी थाना चौकी से अधिकारी/कर्मचारी का टीम गठित कर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) की अगुवाई में सुबह से ही टीम सक्रिय कर, फरार वारंटियो की धरपकड़ हेतु कार्यवही प्रारंभ किया गया। अभियान हेतु गठित टीम के प्रयासो से, परिणाम स्वरूप तामील की गई वारंटों में थाना सरायपाली - गिरफ्तारी वारंट- 08, जमानतीय वारंट - 08, समंस 02, थाना बसना- गिरफ्तारी वारंट- 05, जमानतीय वारंट- 02 , समंस- 04, थाना सिंघोड़ा - गिरफ्तारी वारंट- 09 , जमानतीय वारंट -20 , समंस -07, थाना बलौदा - गिरफ्तारी वारंट- 02, जमानतीय वारंट -02, समंस -4 और चौकी भंवरपुर - गिरफ्तारी वारंट- 01, जमानतीय वारंट- 02, समन -4 शामिल हैं।

इलाज में लापरवाही से जिला अस्पताल में तीन साल के मासूम की मौत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला अस्पताल में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां पैर दर्द की शिकायत पर भर्ती किए गए 3 साल के मासूम लक्ष्य की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाया है।

मृतक बालक के पिता सतवन, निवासी खल्लारी चरौदा ने बताया कि उनके बेटे लक्ष्य को पैर में दर्द की शिकायत थी। उसे इलाज के लिए खरोरा स्थित 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां मौजूद एक डॉक्टर ने एक्स-रे कराने और खून चढ़ाने की बात कही, लेकिन इसके बाद कोई समुचित देखभाल नहीं की गई। परिजनों के अनुसार, जब वे बच्चे को एक्स-रे कराने ले गए तो मशीन खराब बताई गई। पूरी रात बच्चा दर्द से तड़पता रहा, लेकिन किसी भी स्टाफ ने उसकी सुध नहीं ली। अस्पताल कर्मचारियों का रवैया भी उदासीन रहा। सुबह तक हालत और बिगड़ गई और आखिरकार मासूम ने दम तोड़ दिया। पिता का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उनके बेटे की जान गई है।

बगारपाली में 10 लाख के जेवरों की चोरी, तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम बगारपाली में अज्ञात व्यक्ति ने एक घर से 10 लाख रुपए के जेवर की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बगारपाली के ओमप्रकाश ठाकुर पिता नोहरसिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई है कि 27 अप्रैल को सुबह 8-9 बजे के बीच में एक अनजान व्यक्ति आया और उसके पिता से कहा कि आपका लड़का 12 क्विंटल छड़ मंगाया है। जिसमें 4 क्विंटल को मैं रखूंगा कहते हुए पैसा मांगने लगा। उसके बाद आपके लड़का से बात कर रहा हूं कर खुद मोबाईल से बात करने लगा और कह रहा था कि आलमारी के ऊपर में चाबी रखा है और रूम में घुसकर चाबी ढूंढने लगा। चाबी मिलने पर वह व्यक्ति आलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी को ले गया। चोरी किये गये सामानों में सोने का हार - 1 नग - 14.760 ग्राम, सोने का रानी हार 1 नग - 22 ग्राम , 10 नग सोने का लॉकेट (माला) बड़ा वाला- 10 ग्राम, सोने के 5 नग लॉकेट माला छोटा - 5 ग्राम, कान का झुमका (एक जोड़ी) - 15 ग्राम, सोने की अंगूठी - 5 ग्राम, कान की बाली (एक जोड़ी) - 2 ग्राम, चांदी की पायल एक जोड़ी (बड़ा) - 300 ग्राम, चांदी की पायल एक जोड़ी (छोटा) - 150 ग्राम, चांदी का करधन 1 नग - 300 ग्राम, बिछिया 4 नग कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए शामिल है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

युवक के कब्जे से देशी शराब बरामद

महासमुंद। बसना से गढ़पटनी रोड शराब भट्ठी के सामने पुलिस ने एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी जसप्रीत उर्फ आकाश वाधवा पिता स्व प्रवीण वाधवा (21 साल) वार्ड नं 8 बसना के कब्जे से 31 पौवा देशी रोमियो प्लेन शराब कीमत 2480 रुपए और बिना नंबर एक्टिवा को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तत्काल संपर्क करें
फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....
फील्ड मार्केडिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....
(प्रतिमाह-10000+इंसेटिव)
कार्य के समय-8 घंटे
सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)
संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।
-कार्यालय का पता-
हरिभूमि
जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद
मो.नं.99811-31365

पुलिस के स्कॉर्पियो वाहन की ठोकर से युवक घायल

बसना-बिलासपुर मार्ग पर जीराडबरी के पास दुर्घटना, वाहन पेड़ से टकराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- गांव से बसना-बिलासपुर मुख्य मार्ग में मुड़ते ही हादसा

बिलासपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में ग्राम जीराडबरी निवासी 29 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि युवक अपनी मोटर साइकिल से गांव से बसना आ रहा था। जैसे ही वह गांव की सड़क से मुख्य मार्ग में मुड़कर बसना की ओर बढ़ा, उसी दौरान बसना से बिलासपुर की ओर जा रही सिंघोड़ा थाना की पुलिस स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मोटर साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गुरुचरण मलिक 29 वर्ष पिता प्रमोद मलिक ग्राम जीराडबरी का निवासी है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नगर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में उसका उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजी 3515 सिंघोड़ा थाना प्रभारी का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी किसी कार्य से बिलासपुर जा रहे थे। हादसे के बाद वाहन क्षतिग्रस्त होने के कारण वे अन्य वाहन से बिलासपुर के लिए रवाना हो गए। फिलहाल, बसना अस्पताल में घायल युवक का इलाज चल रहा है।

खबर संक्षेप

अमाली में क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से

नगरी। युवा शक्ति क्रिकेट क्लब अमाली द्वारा रात्रिकालीन पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से आयोजित की जायेगी। प्रथम पुरस्कार 40,051 तथा द्वितीय पुरस्कार 20,051 रूपये दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 3000 रूपये है। टीम की एंट्री तभी मान्य होगी जब 50 प्रतिशत शुल्क अग्रिम रूप से जमा किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी में महेश ध्रुव, नागेंद्र ध्रुव समेत अन्य जुटे हैं।

श्रीराम दरबार में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 7 मई को

नगरी। नगर के श्रीराम नगर वार्ड क्रमांक 03 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम दरबार की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 7 मई गुरुवार को प्रातः 10 बजे होगा। यह आयोजन स्व. जगेश्वर यादव की पुण्य स्मृति में रखा गया है। 8 मई शुक्रवार को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन होगा। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें मिथिलेश्वरी सेन द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन में भोलाराम, सुनीता यादव, कैलाश, कांति यादव, राजू, जीना यादव, परदेशी, जानकी यादव, मनीष, राधिका यादव, किशन, रोशनी यादव जुटे हैं।

सर्चिंग के दौरान जंगलों से की बरामद घातक आईईडी व नक्सली सामग्री

कांकेर। नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में चलाए गए संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों के उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं। जिले में नक्सलियों के हथियार डाल दिए जाने के उपरांत उनके डंप व जखीरा को निकालने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी. के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में टीम जंगल में जा रही है, इसी के तहत 27 व 28 अप्रैल को डीआरजी, जिला पुलिस बल, बीएसएफ और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की संयुक्त टीम ने आमाबेड़ा, कोरर और ताड़ोकी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम बड़ेधौसा, मानकोट, उपरकोटगांव और जिवलामारी के जंगल-पहाड़ी इलाकों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने जंगल क्षेत्र से 07 नग 5-5 किलो के प्रेशर कुकर आईईडी, 02 पाइप बम, 01 कोडेक्स वायर, 03 बंडल वर्दी कपड़ा और 07 बंडल इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया। बीडीएस टीम ने मौके पर ही सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी विस्फोटकों को सावधानीपूर्वक डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर साव, डीआरजी कमांडर बलराम उसेंडी और चंद्रशेखर ठाकुर सहित डीआरजी, जिला पुलिस बल और बीएसएफ के जवान शामिल रहे।

स्ट्रीट फूड वेंडर व फल दुकानों की जांच कर दी गई हिदायत

कांकेर। जिले में आम लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच और जागरूकता अभियान शुरू किया है। “सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार” थीम पर चल रहे इस अभियान में बाजारों, चौक-चौराहों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर विभागीय टीमों ने फल दुकानों, स्ट्रीट फूड वेंडरों, गुपचुप और चाट ठेलों की जांच किया। अभियान में जिले को कार्बाइड मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने फल विक्रेताओं को स्पष्ट किया कि कैल्शियम कार्बाइड जैसे रसायनों से पकाए गए फल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं।

लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें, विलंब पर जिम्मेदारी तय होगी : मिश्रा

कलेक्टर ने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गति पर दिया जोर, अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में मूक बाधितार्थ कन्या विद्यालय में जिले के सभी विकासखंडों के अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए इसकी कार्यप्रणाली में गति, पारदर्शिता और संवेदनशीलता अनिवार्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत का आकलन करने और कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहरी, एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, भू-अभिलेख शाखा के दीपचंद भारती सहित जिले के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।

अतिक्रमण हटाने विशेष अभियान चलेगा

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की शासकीय भूमि, घास भूमि, वन भूमि या अन्य महत्वपूर्ण भूमि पर अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा कोटवारी भूमि की खरीदी-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। पटवारियों को बड़े भूखंडों की विस्तृत जानकारी तैयार कर कैफियत में दर्ज करने के लिए कहा गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

भाजपाइयों ने विपक्षी पार्टियों का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में भाजपा सिर्री मंडल के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व टीएमसी, सपा जैसी विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया।

इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सदन में देश की महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक लाया गया था। इससे 33 प्रतिशत आरक्षण देश की आधी आबादी को मिलने वाली थी। इस विधेयक को विपक्ष द्वारा पास होने नहीं दिया गया। इसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के नेतृत्व में सिर्री मंडल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया। इस बीच कार्यकर्ताओं की पुलिस से झूमाझटकी भी हुई।

मौके पर धनेश बंजारे अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, गौरव भोसले महामंत्री, राकेश साहू, गौरव निर्मलकर युवा मोर्चा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, मोर्चा अध्यक्ष योगेश साहू, गोपी साहू किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, नीलिमा ध्रुव महिला मोर्चा अध्यक्ष, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं धमतरी, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, सागर साहू मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल, पूरण लाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, दुर्गा साहू, वीणा रोहित साहू सरपंच मौरीकला, ताराबाई साहू, मनीबाई साहू, रति बंजारे, योगेश्वरी साहू, धनी निर्मलकर, वंदना ध्रुव, योगिता तारक, भारती, कामेश बंजारे, देशान्त सिन्हा सरपंच सहित अन्य भाजपाई कार्यकर्ता शामिल हुए।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी

प्रभारी पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि यह कानून लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह दूरगामी सोच थी। गौकरण साहू ने कहा कि इस अधिनियम में परिसीमन की सीमाओं को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा गया था जिससे देश की महिलाएं राजनीतिक रूप से सशक्त होती।

खामियाजा भुगतेगा विपक्ष

लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री, गौरव भोसले महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस व टीएमसी, सपा की घृणित मानसिकता के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका जिसका खामियाजा पूरे विपक्ष को भुगतना पड़ेगा।

ग्राम बंजरखार कमारडेरा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- सहबती कमार ने बोर खनन, सोलर पंप और सड़क निर्माण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत सियादेही के आश्रित ग्राम बंजरखार कमारडेरा, जिसे चंदा डेरा के नाम से भी जाना जाता है, आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। यह बस्ती गांव से लगभग दो किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित है और तीनों ओर से घने जंगलों से घिरी हुई है। यहां लगभग 10 घरों में करीब 70 लोग निवास करते हैं, लेकिन सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन बिजली बंद होते ही पानी की आपूर्ति ठप हो जाती है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आसपास नदी-नाला नहीं होने के कारण पानी की समस्या और गंभीर हो जाती है। साथ ही, जंगल से घिरे होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा भी हमेशा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

ग्रामीण बाबूलाल, कन्हैयालाल, नरेश, रामसिंह, तिहारू, दूलचंद, दौलत राम, कोप सिंह, गयाबाई, चुलेश्वरी, कामिनी, जमुना बाई, गेंदु राम और हेमलाल सहित अन्य लोगों ने सहबती कमार की मांगों का समर्थन किया है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सियादेही के सचिव ने बताया कि बंजर खार कमारडेरा का सर्वेक्षण किया जा चुका है और आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर ग्राम सभा की स्वीकृति के बाद शासन-प्रशासन को भेजा जाएगा

मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की आवश्यकता

गांव की जागरूक महिला सहबती कमार ने बताया कि पहले भी सियादेही से कमार बस्ती तक सड़क निर्माण की मांग की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने बोर खनन और सोलर पंप लगाने की तत्काल आवश्यकता जताई। साथ ही, गांव में लगभग 17 छोटे बच्चों के लिए मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की भी मांग की गई है। बैठने के लिए सामुदायिक मंच की कमी भी ग्रामीणों को खल रही है।

शंकरदाह स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन

- शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला शंकरदाह में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हम शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक वातावरण मिल सके। प्रार्थना शेड का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में विद्यार्थी खुले मैदान में प्रार्थना करते हैं, जिससे उन्हें धूप, बारिश एवं अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। प्रार्थना शेड बनने के बाद विद्यार्थियों को इन समस्याओं से राहत मिलेगी और वे नियमित रूप से अनुशासित ढंग से प्रार्थना एवं अन्य सामूहिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि प्रार्थना शेड निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। सरपंच रश्मि गौतम ने कहा कि यह निर्माण कार्य ग्राम शंकरदाह के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। मौके पर गौतम वाधवानी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर, विनोद डिंडोलकर उपसरपंच, रामलाल ध्रुव, उमेश साहू, गोपेश साहू, उदयराम साहू, नंदकुमार नेताम, महेश लहरे, मीना ध्रुव, नागेश्वरी ध्रुव, कुंती ध्रुव, केसरी बाई साहू, बिमला साहू, गीता बाई साहू, अनीता बेर, फूलेश्वरी बंजारे, अश्वनी सिन्हा, रेवती बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विकास कार्यों से बदलेगी अंवरी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम अंवरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। सरपंच हितेंद्र नाथ मंडल ने बताया कि नवीन प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण 1 लाख 84 हजार रूपये, नाली निर्माण परस पटेला घर के पास 1 लाख 60 हजार रूपये, 2 नग कूड़ादान निर्माण 51 हजार रूपये, पानी टंकी निर्माण कार्य 1 लाख 10 हजार रूपये, जिला पंचायत मद से शिशु मंदिर के पास रंगमंच एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण 6 लाख रूपये, विधायक निधि से बाजार चौक में रंगमंच निर्माण 6 लाख रूपये का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सचिव महेश कुमार कुर्रे, उपसरपंच सोमनाथ निर्मलकर, पंचगण नीरा जांगड़े, जानकी बाई डहरिया, द्रौपदी, टीकमचंद गायकवाड़, कुलेश्वरी, सहदेव मारकंडे, ईश्वरी बाई, भगवती ध्रुव, चन्द्रकला साहू, भेखूराम साहू भृत्य, मुकेश कुमार निर्मलकर आपरेटर, परस पटेला, नंद पटेला, राजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

डॉ. अश्वनी कुमार नगरी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा का स्थानांतरण शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी हुआ है। जिसके बाद डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो.कौशल नायक, डॉ.कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ.खेमचंद, भूषण कुमार साहू, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, प्रियंका सिंह, श्रीमती ललिता कोकिला, डिलेश्वरी पटेल, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन ने हर्ष जताया है।

सांकरा स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी की दर्ज संख्या 192 एवं कक्षा ग्यारहवीं की दर्ज संख्या 193 थी। नवमी का परिणाम 50.86 प्रतिशत तथा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 79.14 प्रतिशत रहा। नवमी में दिव्यांशी एवं त्रिनिधि पटेल 83 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय चंचल साहू 81.50 प्रतिशत तथा सुधीर कुमार 79 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। ग्यारहवीं में तारिणी मोजेवर 88.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। केसर 86.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं दामिनी मत्स्यपाल 85.40 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय रही। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जन्मेजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, राजेश गोसाई जनपद सभापति सांकरा, हरीश साहू उप सरपंच, अनिभा अग्रवाल प्राचार्य एवं पालकों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वार्डों में चौपाल लगाकर सुनी जा रहीं जनसमस्याएं

कोसमर्रा को ‘आत्मनिर्भर’ बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोसमर्रा को एक आदर्श और आत्मनिर्भर पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जो गांव के प्रत्येक वार्ड में जाकर चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को सुन रही है। मौके पर उपसरपंच हेमलाल चौरे, पंचायत सचिव राधाकृष्णन, ग्रामीण अध्यक्ष रामप्रसाद कंवर, महिला समूह से ललिता साहू, पंचायत ऑपरेटर हितेंद्र ध्रुव समेत अनेक गणमान्य नागरिकों मौजूद थे।

विगत कुछ दिनों से चल रहे इस अभियान में ग्रामीण खुलकर अपनी बात रख रहे हैं और विकास कार्यों के लिए सुझाव दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन का स्वयं उनके द्वार तक आना विकास की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक और अच्छी पहल है। चौपाल में प्राप्त सुझावों के आधार पर गांव के विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

इन गंभीर मुद्दों पर हो रही विशेष चर्चा

गांव को व्यसनमुक्त बनाने के लिए कड़े कदम उठाना। आधुनिक संसाधनों के माध्यम से बच्चों को डिजिटल युग के लिए तैयार करना। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना। स्वच्छता अभियान को गति देना और कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच अनुशासन और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना। पर्यावरण संरक्षण और हरियर कोसमर्रा का संकल्प। चौपाल में इस बार पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है।

मांगलिक कार्य या जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं

सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे प्रत्येक मांगलिक कार्य या जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। जल संरक्षण के लिए पुराने तालाबों की सफाई और सोखता गड्ढों के निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य कोसमर्रा को केवल एक गांव नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, शिक्षित और हरियाली युक्त स्मार्ट पंचायत बनाना है। ग्रामीणों की सहभागिता से ही आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पूरा होगा।

मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से सांकरा के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत चिवरी के आश्रित ग्राम सांकरा में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। यह गांव तहसील से 25 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां की आबादी लगभग 2000 है। इस डिजिटल युग में जहां एक ओर 5 जी नेटवर्क का चलन है वहीं दूसरी ओर इस गांव में लोगों को एक दूसरे से संपर्क करने के लिए भी नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है। जब स्वास्थ्य संबंधी समस्या आती है तो लोगों की और दिक्कतें बढ़ जाती हैं। लोग तीन किलोमीटर जाकर 108 एंबुलेंस के लिए संपर्क करते हैं। आनलाइन कक्षाएं बच्चों के लिए आवश्यक हैं लेकिन नेटवर्क नहीं मिलने से बच्चे डिजिटल शिक्षा में भी पिछड़ रहे हैं। ग्राम पंचायत कुम्हड़ा से दो किलोमीटर की दूरी पर टॉवर जरूर लगा है लेकिन प्रशासन विभाग को देखने की फुर्सत नहीं है। कई बार शिकायत हो चुकी है पर आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

खबर संक्षेप

गिरने से युवक की मौत

धमतरी। कूलर चालू करने जा रहा युवक अचानक सिर के बल जमीन पर गिर गया। सिर पर गंभीर चोट लगने से युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम घुरावर निवासी लखनलाल वट्टी पिता रमेश उम्र 45 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। मंगलवार की रात्रि लखनलाल खाना खाकर सो रहा था। इस दौरान कमरे में लगा कूलर ठीक से नहीं चल रहा था। नींद खुल जाने पर लखन कूलर को ठीक करने बिस्तर से उठा और चक्कर खाकर सिर के बल जमीन पर गिर गया। इस घटना में युवक के सिर के पीछे गंभीर चोट लगी। बेहोशी की हालत में युवक को निजी वाहन से उपचार के लिये उपस्वास्थ्य केन्द्र बेलर ले जाया गया। जहां से रेफर करने पर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहा इलाज के दौरान बुधवार की सुबह युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

आयोजन : आमजनों की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण, योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

जिले में सुशासन तिहार कल से, लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जन समस्या निवारण समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी विभाग प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकाय अधिकारियों को शिविरों के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सुशासन तिहार 2026 के तहत जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल हैं। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभ वितरण भी किया जाएगा।

समाधान शिविर का आयोजन 01 मई 2026 को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के हाईस्कूल मैदान में आयोजित होगा, जिसमें 16 ग्राम के नागरिकों का मांग एवं शिकायता संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

इसी तरह नगर पालिका परिषद महासमुंद अंतर्गत कुंवर दिलीप सिंह जूदेव टाउन हॉल वार्ड क्रमांक 20 में 10 वार्डों के नागरिकों से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी के प्राथमिक शाला खुटेरी में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्रामों के नागरिक शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलडीह के पंचायत भवन के सामने शिविर का आयोजन होगा, जिसमें 20 ग्रामों के नागरिकों से आवेदन लिए जाएंगे एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लंबर के हाईस्कूल लंबर में आयोजित शिविर में 20 ग्रामों के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर होंगे शिविर

इसी तरह महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 8 मई को ग्राम पंचायत लोहारडीह के मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 14 ग्राम शामिल होंगे। 11 मई को ग्राम पंचायत पीढ़ी के हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 16 ग्राम, 15 मई को ग्राम पंचायत मोंगरा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 15 ग्राम, 18 मई को ग्राम पंचायत बावनकेरा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 14 ग्राम, 22 मई को ग्राम पंचायत मुनगासेर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 15 ग्राम एवं 25 मई को ग्राम पंचायत कछारडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 15 ग्राम के ग्रामीणजनों से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके अलावा 03 जून को नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत लोहिया चौक शेड वार्ड क्रमांक 20 एवं 05 जून को पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हाल वार्ड क्रमांक 27 में 10-10 वार्डों के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 6 मई को ग्राम पंचायत परसुली के हाईस्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें 19 ग्राम शामिल हैं। इसी तरह 13 मई को ग्राम पंचायत आंवराडबरी के प्राथमिक शाला, 20 मई को ग्राम पंचायत पटपरपाली के प्राथमिक शाला, 28 मई को ग्राम पंचायत डोकरपाली के प्राथमिक शाला, 3 जून को ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा के हाई स्कूल में शिविर का आयोजन कियाज जाएगा। जिसमें क्रमशः 18 ग्राम, 21, 19 एवं 17 ग्रामों के ग्रामीणजन शामिल होंगे। नगरपालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत 26 मई को टाउन हॉल बागबाहरा में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 06 मई को ग्राम पंचायत रेमडा के हाई स्कूल परिसर में, 13 मई को ग्राम पंचायत बरनईदादर के हाई स्कूल में, 15 मई को ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के पूर्व माध्यमिक शाला में, 18 मई ग्राम पंचायत भस्करापाली के हाई स्कूल, 20 मई को ग्राम पंचातय मेमरा के हाई स्कूल, 22 मई को ग्राम पंचायत घोंच के हायर सेकंडरी स्कूल, 28 मई को ग्राम पंचायत नवागांवकला के पूर्व माध्यमिक शाल में समाधान शिविर का आयोजन का होगा। जिसमें क्रमशः 13, 13, 18, 12, 18, 16 एवं 16 ग्राम के ग्रामीणजन शामिल होंगे।

नगर पंचायत पिथौरा अंतर्गत 25 मई को श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन के पास वार्ड क्रमांक 10 में आयोजित समाधार शिविर में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शामिल होंगे।

बसना विकासखंड अंतर्गत 07 मई को ग्राम पंचायत हरदा के प्राथमिक शाला में, 15 मई को ग्राम पंचायत गढ़फुलझर के प्राथमिक शाला में एवं 20 मई को ग्राम पंचायत नौगड़ी के हाई स्कूल में आयोजित शिविर में 16-16 ग्राम के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह 25 मई को ग्राम पंचायत अरेकेल के माध्यमिक शाला में एवं 04 जून को ग्राम पंचायत सिंघनपुर के हाई स्कूल में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 17-17 ग्राम शामिल हैं। नगर पंचायत बसना में 24 मई को मंगल भवन में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

सरायपाली नगर में शिविर 15 को

सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 6 मई को ग्राम पंचायत बिरकोल के हायर सेकंडरी स्कूल में, 13 मई को ग्राम पंचायत बानीगिरोला के हायर सेकंडरी स्कूल में, 18 मई को ग्राम पंचायत केना के हायर सेकंडरी स्कूल में, 21 मई को ग्राम पंचायत चारभांठा के हायर सेकंडरी स्कूल में, 25 मई को ग्राम पंचायत सिरबोड़ा के हायर सेकंडरी स्कूल में, 28 मई को ग्राम पंचायत टेमरी के हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से क्रमशः 18 ग्राम, 20, 18, 19, 19, 16, 16 ग्राम के ग्रामीणजनों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। 15 मई को नगरपालिका परिषद सरायपाली में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शामिल होंगे।

जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने वाले अधिकारी विजय लहरे को मिला निलंबन का पुरस्कार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विवादित प्रश्न तैयार करने वाले जिला अधिकारी व प्रकाशक को बचाकर अनुसूचित जाति के निर्दोष अधिकारी को फंसाने का लगाया आरोप

विजय कुमार लहरे तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के पांच महीने पहले के प्रश्न पत्र व पूर्व के प्रकरणों के लिए दोषी ठहराते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के अधिकारी को एक तरफा निलंबन की कार्रवाई से अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) क्षुब्ध व आहत होकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और निलंबन की कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में संघ ने बिंदुवार बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के विवादित प्रश्न पत्र रायपुर संभाग के पांच जिला व बिलासपुर संभाग के दो जिलों में परीक्षा लिया गया। जिसमें महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ ही सबसे पहले जांच कराकर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया। जबकि, यह विवादित प्रश्न रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भेजी पांडुलिपि से लिया गया था। जांच पश्चात यह प्रश्न पत्र निर्माण करने वाली शिक्षिका को निलंबित व दूसरे संविदा शिक्षिका की सेवा समाप्ति एवं तिल्दा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को केवल चेतावनी पत्र जारी कर विवादित मामले का समाधान हो गया था। किंतु, घटना के तीन महीने बाद बोर्ड परीक्षा के प्रारंभिक समय में ही विजय कुमार लहरे को महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी के पद से डाइट महासमुंद प्रभारी प्राचार्य स्थानांतरित किया गया। उक्त आदेश को उच्च न्यायालय बिलासपुर चैलेंज कर स्थगन आदेश पश्चात यथास्थिति बना रहा। पुनः एक महीने बाद अर्धवार्षिक परीक्षा के उसी विवादित प्रश्न पत्र के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए निलंबित कर दिया गया। जबकि, उक्त मामले की वास्तविक जिम्मेदार रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी है, जहां से विवादित प्रश्न पत्र तैयार हुई। दूसरा दोषी प्रकाशक है, जिनके द्वारा अलग-अलग जिला के पांडुलिपि के अनुसार पेपर तैयार करना था। किंतु, केवल रायपुर जिला के विवादित पांडुलिपि प्रश्न पत्र को ही रायपुर संभाग के पांच जिले व अन्य जिले में प्रकाशित कर आपूर्ति की गई। इस प्रकार रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी व प्रकाशक के ऊपर कार्रवाई न करते हुए केवल महासमुंद जिला के शिक्षा अधिकारी जो एक अनुसूचित जाति से है उनके ऊपर ही एकतरफा कार्रवाई करना अनुसूचित जाति-जनजाति के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भेदभाव को इंगित करता है। यदि विवादित प्रश्न पत्र के लिए महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे जिम्मेदार है तो जहां-जहां इस विवादित प्रश्न पत्र से परीक्षा ली गई है वो सभी जिला शिक्षा अधिकारी के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए।

निलंबन आदेश का दूसरा बिंदु अधिकारी कर्मचारियों द्वारा की गई याचिका के खिलाफ अपील करने का तो शासन व विधि विभाग से अनुमति लेने में प्रकिया का पालन करना पड़ता है। जिसमें उच्च न्यायालय के डबल बेंच में अपील भी की गई, जहां से खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए प्रक्रियाधीन होने के बाद भी निलंबन की कार्रवाई की गयी। जबकि, विजय कुमार लहरे के जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद में पदभार ग्रहण करने के समय उच्च न्यायालय में 119 प्रकरण लंबित था, जिसे प्रत्येक प्रकरण में स्वतः 39 दिन उपस्थित होकर 11 माह के कार्यकाल में 69 प्रकरण का निपटारा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। बिंदु क्रमांक 3 के अनुसार आडिट में आर्थिक अनियमितताएं की उल्लेख किया है वो विजय कुमार लहरे की कार्यकाल के पूर्व की घटना है। जबकि विजय कुमार लहरे के महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी के पदभार ग्रहण के बाद से शैक्षणिक गुणवत्ता में तेजी से सुधार के साथ शिक्षा विभाग ने विभिन्न उपलब्धियां भी हासिल किया है तथा पेंडिंग कार्यालयीन कार्य के निपटारे में भी सुधार हुआ है। आज बोर्ड की वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर रहा, जिनके दिशानिर्देश में कक्षा 12वीं में जिला से 4 परीक्षार्थियों एवं कक्षा 10 वीं में 8 परीक्षार्थियों ने राज्य के टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। फिर भी बार-बार विजय लहरे जैसे अधिकारी को स्थानांतरित करना फिर निलंबन की कार्रवाई कर स्कूल शिक्षा विभाग ने पुरस्कृत किया है। इस तरह के कृत्य से हमारे अधिकारी-कर्मचारियों को आघात लगा है। इस प्रकार की एक तरफा कार्रवाई किया जाना अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारी कर्मचारियों की कार्य कुशलता पर अनावश्यक उच्च अधिकारियों द्वारा जानबूझकर प्रश्न चिन्ह लगाया जाता रहा है। अतः अजाक्स संगठन विजय कुमार लहरे का निलंबन निरस्त कर पुनः जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर बहाल करने की मांग करता है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रेख राम बघेल संभागीय उपाध्यक्ष, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव, अनिल ढीढी जिला उपाध्यक्ष, तुलेंद्र कुमार सागर जिला सचिव, बीपी मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी, रविंद्र टंडन संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव संगठन सचिव, संतोष डहरिया, गणेश राम टंडन, राजेश रात्रे, नंद कुमार कोसरे, फनेंद्र बंजारे, पीयूष साहनी, खोशिल जेंड्रे, बाबू लाल ध्रुव एवं सदस्य उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय बीज समिति की हुई बैठक

आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजनाओं के अंतर्गत उन्नत बीज उत्पादन, वितरण एवं भंडारण संबंधी कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बीज समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक संचालक उद्यानिकी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड लभराखुर्द के प्रतिनिधि तथा प्रगतिशील कृषक संजय पटेल एवं नरबाई बरिहा सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में केंद्र प्रवर्तित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजनाओं के अंतर्गत उन्नत बीज उत्पादन, वितरण एवं भंडारण संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। समिति में वर्ष 2026-27 हेतु दलहनी बीज वितरण एवं मिनीकिट कार्यक्रम के तहत अरहर के 100 पैकेट, उड़द के 2000 पैकेट तथा मूंग के 2500 पैकेट वितरण का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही जिले में दलहन बीज उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से अरहर 50 क्विंटल, उड़द 550 क्विंटल एवं मूंग 400 क्विंटल बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि किसानों को आत्मनिर्भर दलहन मिशन अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 6 हजार रुपए तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्रस्तावित लक्ष्य के अनुसार उड़द 900 क्विंटल, मूंग 200 क्विंटल, चना 200 क्विंटल एवं अरहर 50 क्विंटल बीज वितरण कार्यक्रम का अनुमोदन लिया गया। समिति द्वारा खरीफ मौसम में उच्च भूमि क्षेत्रों में दलहन फसलों के अधिकाधिक उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अरहर एवं उड़द फसल प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत 160 हेक्टेयर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले आधार एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने का अनुमोदन किया गया। बैठक में तिलहनी फसलों जैसे मूंगफली, सरसो, सूरजमुखी एवं तिल के प्रदर्शन कार्यक्रमों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 5 से 10 वर्ष के भीतर विकसित उन्नत किस्मों के बीजों को किसानों तक पहुंचाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है।

प्रगतिशील कृषकों संजय पटेल एवं नरबाई बरिहा ने किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला कृषकों को बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीयन के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा बीज उत्पादन उपार्जन दर की जानकारी देते हुए बताया गया कि उड़द के लिए 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मूंग के लिए 11 हजार 57 रुपए प्रति क्विंटल तथा मूंगफली के लिए 9 हजार 500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से नियमानुसार तीन किश्तों में भुगतान किया जाएगा। बैठक में कृषि विभाग के माध्यम से इच्छुक किसानों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें बीज उत्पादन कार्यक्रम से जोड़ने एवं पंजीयन कराने पर बल दिया गया। समिति ने जिले में दलहन एवं तिलहन बीज उत्पादन बढ़ाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की।

बुद्ध जयंती पर मांस-मटन की दुकानें बंद रहेंगी

धमतरी। नगर पालिक निगम द्वारा आगामी बुद्ध जयंती के अवसर पर शहर में मांस-मटन की सभी दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार 1 मई को धमतरी परिक्षेत्र में स्थित सभी पशुवध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। निगम प्रशासन ने सफाई से जुड़े सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को भी आवश्यक व्यवस्था बनाने एवं निर्धारित दिन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने सभी मांस विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे आदेश का पालन करते हुए बुद्ध जयंती के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

कौशल विकसित करने, भाषा की स्पष्टता बनाए रखने तथा शारीरिक भाषा के महत्व को समझने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दुलीचंद जालान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा महाविद्यालय सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) में कला एवं मानविकी संकाय द्वारा एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय संचारः प्रक्रिया, प्रकार और बाधाएं रहा, जिसमें विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. गरिमा दीवान अतिथि सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज महासमुंद रहीं। अपने व्याख्यान में उन्होंने संचार की मूलभूत अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रक्रिया, विभिन्न प्रकारों तथा प्रभावी संचार में आने वाली बाधाओं को विस्तार से समझाया।

उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार संचार कौशल व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक सफलता और व्यावसायिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. दीवान ने विद्यार्थियों को प्रभावी संचार के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने, भाषा की स्पष्टता बनाए रखने तथा शारीरिक भाषा के महत्व को समझने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि संचार में आने वाली बाधाओं को कैसे पहचाना और दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलेंद्र चंद्राकर संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार ने संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

निःशुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

धमतरी। जिले के ऐसे युवा जिन्होंने भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किए हैं, वे परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के अधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवाओं को 4 जून तक एक माह के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उम्मीदवार चयन के लिए कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा जून में संभावित है।

बिरकोनी में श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित प्रवचन का आयोजन

महासमुंद। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान 25 अप्रैल से 1 मई तक ग्राम बिरकोनी के बाजार चौक में महाभारत श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित सात दिवसीय गीता प्रवचन आयोजित किया जा रहा है। जहां सिवनी मध्यप्रदेश से विशेष रूप से राजयोग शिक्षिका ब्रम्हाकुमारी आस्था को आमंत्रित किए गई है। जहां समस्त ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत गीता प्रवचन के माध्यम से वर्तमान कलियुग के अंत चरण में निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का संदेश प्राप्त कर रहे हैं। मनुष्य से देवता बनने की शिक्षा द्वारा स्वर्णिम दुनिया में चलने का रहस्य प्राप्त कर रहे है। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में विशेष रूप से चमेली कश्यप, मोहन कश्यप, ललित कश्यप एवं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग मिल रहा। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया। आस्था ने श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान का आध्यात्मिक रहस्य खोलते हुए सृष्टि के आदि मध्य और अंत का राज समझा रही है। गीता में परमात्मा द्वारा किए हुए वायदे याद दिला रही है, जब जब धर्म की अति ग्लानि होती है तब मैं निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा एक साधारण तन का आधार लेकर पुराने सभी धर्मों का विनाश और एक सत धर्म की स्थापना करने आता हूं। ब्रम्हाकुमारी सुषमा ने बताया कि ग्राम बिरकोनी के पश्चात ग्राम तुमगांव में भी यह आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाया जाएगा।

पूजा कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट

महासमुंद। ग्राम तिलंजनपुर में पूजा कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सांकरा थाने में अलग-अलग जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम पंचायत सावित्रीपुर के सरपंच और तिलंजनपुर निवासी कमल सिंह बरिहा ने बताया कि 28 अप्रैल को ग्राम तिलंजनपुर के विद्या निषाद के घर में पूजा का कार्यक्रम था, जहां वह भी गया था। दोपहर करीब 02 बजे हम लोग खाना खाने के लिए बैठे थे, तभी वहां उपस्थित शिव प्रसाद निषाद, उसका बेटे खिरसागर निषाद निवासी चेरीडीपा सावित्रीपुर तथा ग्राम सुखापाली के आये हुए विद्या निषाद के मेहमान शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे। जिस पर उसने गाली गलौज करने से मना किया। तब आरोपी शिवप्रसाद निषाद, उसके बेटे खिरसागर निषाद व ग्राम सुखापाली के कुछ लोगों के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के खीरसागर निषाद निवासी ग्राम सावित्रीपुर चेरीडीपा ने पुलिस को बताया कि तिलंजनपुर के विद्या निषाद के यहां पूजा कार्यक्रम वह अपने पिताव मामा केशम निषाद के साथ गया था। दोपहर करीब 02 बजे हम लोग खाना खाने के लिए बैठे थे, उसी समय कमल सिंह बरिहा ने गाली गलौज कर रहे हो कहकर उसके मामा केशम निषाद को गाली देते हुए थप्पड़ मार दिया, जिसे देखकर वह अपने पिता के साथ शिव प्रसाद निषाद बीच बचाव करने लगा, तब कमल सिंह ने डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
[illegible] सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

सीबीएसई कक्षा दसवीं में प्रज्ञा को मिला 85.7 अंक

बिरकोनी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणाम में बिरकोनी निवासी प्रज्ञा चंद्राकर ने 85.7 अंक प्राप्त कर ग्राम व विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। प्रज्ञा, सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व डॉ भारती चंद्राकर की सुपुत्री है। बचपन से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रज्ञा चंद्राकर वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महासमुंद में अध्ययनरत छात्रा है। प्रज्ञा की इस सफलता पर ग्रामवासियों, परिजनों, गुरुजनों एवं मित्रों ने हर्ष जताया है।

चरौदा बांध स्कूल में हुआ विदाई समारोह

महासमुंद। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा बांध में शिक्षक दौलत राम यदु का विदाई समारोह हुआ। सरस्वती मां पूजा आर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस मौके पर सुर संगम मानस मंडली खोपली, शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चांपा विशेष एशिया सर्कस के कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने सपनों को पूरा करने एवं सर्वोगीण विकास के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सरिता ठाकुर प्रधान पाठक, फुलेश्वरी दीवान सहायक शिक्षक, महेंद्र ठाकुर सहायक शिक्षक, सुनिता साहू शिक्षिका, देवेंद्र मिर्चे, सुरेश साहू, यशवंत साहू शिक्षक, नुभेलाल साहू, चोखे सिन्हा, नारायण सिन्हा आदि मौजूद रहे।

कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा आज

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर डीएससी भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 30 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 10 बजे से होगी।

जल वितरण में आ रही समस्याओं का करें समाधान अतिरिक्त कर्मचारियों की लगाएं ड्यूटी : निखिलकांत

नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाने दिए निर्देश, जल विभाग की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कक्ष में बुधवार को शहर में जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू व नियमित रूप से करने, समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने बैठक आहूत की गई। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समस्त पार्षदगण, सभापति गणों की उपस्थिति रही। इस दौरान जल व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने में आ रही दिक्कतों का त्वरित समाधान को लेकर चर्चा की एवं आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए।

बैठक में नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर के नागरिकों को शुद्ध व समय पर पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जवाबदारी है और हमें जल व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए बेहतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने जल प्रभारी से कहा कि ग्रीष्म ऋतु में जल संकट जैसी स्थितियां सामने आ सकती है। इसके लिए पहले से तैयार रहें। और आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को तैयार रखे। अतिरिक्त समय देना पड़े तो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए। बैठक में नपाध्यक्ष साहू ने फिल्टर प्लांट के मशीनों को दुरुस्त रखने, समय समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पाइप लाइन लीकेज की सूचना मिलते ही तत्काल लीकेज सुधारने, समय से पेयजल टंकियां भरने तथा समय पर जल वितरण करने और पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

नपाध्यक्ष ने की अपील

बैठक में नपाध्यक्ष ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर में जलापूर्ति को व्यवस्थित बनाने पालिका प्रतिबद्ध है। ऐसे में नलों पर टुल्लू पंप लगाकर पानी न खींचे। टुल्लू पंप लगाने से जलापूर्ति बाधित होती है, और दूसरे घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। अतः जागरूक और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देते हुए पंप का उपयोग न करें। पकड़े जाने पर जब्ती व जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सभापति सूरज नायक, ज्योति रिंकू चंद्राकर, संजय ईश्वरी भोई, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, पार्षद भाऊ राम साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, जरीना हाफिज कुरैशी, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, ओमिन टोमन कागजी, चंद्रशेखर बेलदार, कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

खाद-बीज विक्रेताओं ने सांकेतिक हड़ताल कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जिला खाद-बीज विक्रेता कल्याण एसोसिएशन ने राष्ट्रव्यापी आह्वान पर सोमवार को सांकेतिक हड़ताल की। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पर एकत्रित होकर दुकानदारों ने प्रदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मांगें नहीं मानने पर उन्होंने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 50 खाद-बीज, उर्वरक व कीटनाशक विक्रेताओं ने सोमवार को सभी दुकानें बंद रखीं।

- क्षेत्र के करीब 50 खाद-बीज, उर्वरक व कीटनाशक विक्रेताओं ने बंद रखी दुकानें

ज्ञापन में उन्होंने सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ अनुपयोगी उत्पादों की लिंकिंग बंद कराने, डीलरों से रिटेलर तक खाद डिलीवरी कराने, डीलर मार्जिन को बढ़ाने, खुदरा विक्रेताओं के लिए साथी पोर्टल वैकल्पिक कराने, अवैध बीजों पर तुरंत रोक लगाने, एक्सपायर कीटनाशकों की वापसी तय कराने, नए बीज अधिनियम में रिटेलर को फर्स्ट पार्टी बनाने का नियम शिथिल करने, किसानों की झूठी शिकायतों की जांच के लिए कमेटी बनाने, छिटपुट मामलों में निलंबित लाईसेंस 21 दिन में स्वतः बहाल करने, प्रतिवर्ष कंपनियों के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की बाध्यता समाप्त करने, उद्यान एवं कृषि की दोहरी लाइसेंस नीति समाप्त करने एवं प्रदेश में तीनों सीजन में किसान को उर्वरक लेने की छूट प्रदान करने की मांग की है। इस दौरान अभिषेक चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, बलराम ठाकुर, कुशल गंडेचा, आवेश गुप्ता, दीपेश गुप्ता, आशुतोष सिंह, मनोज चंद्राकर, भालेस साहू, हरीश चंद्राकर, धनेश्वर साहू, दीपक पटेल, मुरारी निषाद, भूपेंद्र साहू, बलराम साहू, मुकेश पटेल, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हेमंत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित नियमित योग कक्षा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलोनीवासियों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सेहत जांच कराई तथा विशेषज्ञ चिकित्सक से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों का वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियों, जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं, खान-पान, योग, व्यायाम एवं दैनिक दिनचर्या के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास, संतुलित आहार और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर अनेक रोगों से बचा जा सकता है। शिविर में डॉ. भरत साहू द्वारा जांच की गई तथा मरीजों को परामर्श दिया गया। उल्लेखनीय है कि महिला पतंजलि योग समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गार्डन में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक नियमित योग कक्षा संचालित की जाती है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अंजलि पटेल, भावना चंद्राकर, चंचल साहू, चंद्रकला साहू, दीपांशु पटले, दुबे पटेल, हेमलता कोसरे, मोतीन कोसरे, नंदकुमार कोसरे, निवेदिता साहू, पमेंद्र नसीने, ललित प्रसाद पैकरा, सुखमति पैकरा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए समिति के प्रयासों को जनहितकारी बताया। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की प्रभारी सुमति साहू, महामंत्री पूनम पटले, सोशल मीडिया प्रभारी खिलेश लहरे तथा भारत स्वाभिमान न्यास के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले मौजूद रहे।

सर्व शिक्षक संघ ने किया कलेक्टर के त्वरित निर्णय का स्वागत, निष्पक्ष जांच और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

महासमुंद। महासमुंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के विरुद्ध लंबे समय से चल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जांच टीम गठित करने के आदेश का शिक्षक संगठनों ने स्वागत किया है। सर्व शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने जो एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कड़ा निर्देश दिया है, वह सराहनीय है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। प्रशासन के इस कदम से विभाग में पारदर्शिता और अनुशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। संगठन ने प्रशासन से यह अपील भी की है कि जांच पूरी होने के पश्चातः रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। ताकि, सभी शिक्षकों और जनता को निष्पक्षता का प्रमाण मिल सके। पहले भी जांच ठंडे बस्ते में जा चुकी है, अतः इस बार निर्धारित 7 दिनों के भीतर ही दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। साथ ही पूर्व में भुवन लाल ध्रुव प्रकरण में गठित जाँच का भी इसी सक्रियता के साथ जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निवेदन किए है। यदि अनियमितताएं सिद्ध होती हैं, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए। शिक्षक संघ ने आशा व्यक्त की है कि इस पारदर्शी प्रक्रिया से भविष्य में किसी भी कर्मचारी का मानसिक या आर्थिक शोषण नहीं होगा। सर्व शिक्षक संघ के टेकराम सेन, सिराज बक्श, ईश्वर चंद्राकर, नारायण चौधरी, बाबू लाल ध्रुव, राजेश साहू, कमल नारायण यादव, ईश्वर साहू, बीपी मेश्राम, लक्ष्मीनाथ सकरिया सहित सभी संघों ने जांच कमेटी से शीघ्र जांच रिपोर्ट जारी करने का आग्रह किया हे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आपत्तिजनक वीडियो पर कार्रवाई की मांग को लेकर राशि ने कोतवाली प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सोशल मीडिया में कथित वीडियो के निर्माणकर्ता पर कानूनी कार्रवाई को लेकर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक राशि त्रिभुवन महिलांग ने समर्थकों के साथ स्थानीय सिटी कोतवाली पहुंच कर ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की माँग की।

राशि महिलांग के समर्थक नीरज परोहा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस आपत्तिजनक वीडियो को लेकर जनमानस में आक्रोश की स्थिति निर्मित हुई है1 वीडियो को लेकर अनेक लोगों ने ऐसे तत्वों पर कार्रवाई की अभिव्यक्ति महिलांग से की है। इसी तारतम्य में राशि महिलांग ने जनमानस की भावना को सम्मान देते हुए आज समर्थकों के साथ पहुंच नगर निरीक्षक सिटी कोतवाली नाहर से चर्चा व ज्ञापन सौंप कर उपरोक्त वीडियो निर्माण व जारीकर्ताओं पर अविलंब कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान गंगा बाघ, सलमान खान, ईशा टंडन, तुषार मार्कंडेय, अनमोल चंद्राकर सहित अनेक समर्थक उपस्थित रहे।

महिला मोर्चा का प्रदर्शन, विपक्ष के विरोध पर जताया आक्रोश

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के लोकसभा में पारित न हो पाने तथा इंडी गठबंधन द्वारा किए जा रहे विरोध के खिलाफ सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आक्रोश जाहिर करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।

ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक महासमुंद में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भवन में समाजजनों के आगमन के साथ हुआ, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। तत्पश्चात युवा प्रकोष्ठ एवं मूल प्रकोष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में एक भव्य एवं आकर्षक रैली निकाली गई, जो पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रही। रैली उपरांत सेन महाराज एवं बजरंग बली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हीराधर सेन ने की। संचालन प्रदेश महासचिव ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका महासमुंद के पार्षद राहुल आवड़े ने सेन महाराज के चित्र पर पूजन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक उत्थान पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। समाज की ओर से शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सेन सहित महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शैल सेन अपनी पूर्ण टीम तथा समस्त परिक्षेत्रों एवं महासभाओं के अध्यक्षगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों, महासभा एवं विभिन्न परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में अनेक उत्साही रक्तदाताओं ने भाग लेकर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

बैठक में विभिन्न परिक्षेत्रों एवं महासभाओं के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इसी क्रम में झलप परिक्षेत्र में संगठन को सुदृढ़ करने के लिए महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें राधा तोषण सेन को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। सर्व नाई सेन समाज द्वारा लगातार ड्योढ़ीदार देशहा सेन समाज एवं उनके अध्यक्ष के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का उपयोग किए जाने की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कड़ी निंदा की गई। इस संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा निकट भविष्य में कोर कमेटी एवं प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा ठोस निर्णय लेने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

जन्मदिन पर बैनर, पोस्टर, आतिशबाजी ना करें कार्यकर्ता : नपाध्यक्ष

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने जन्मदिन 1 मई 2026 के अवसर पर कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, क्षेत्र वासियों को किसी प्रकार की आतिशबाजी करने व शुभकामना संदेश की बैनर, पोस्टर आदि नहीं लगाने की अपील की है। निखिल ने कहा कि नगर व क्षेत्र की हित उनकी प्राथमिकता है। वे अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाएंगे। 1 मई को अपने जन्मदिन पर नपाध्यक्ष मां महामाया की पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद लेंगे। पश्चात अपने निवास में शुभचिंतकों से भेंट मुलाकात करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों व क्षेत्र वासियों से निवेदन किया है कि नगर हित में सहयोग के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यही मेरे लिए जन्मदिन की बधाई के बराबर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि उनके जन्मदिन पर आतिशबाजी, पटाखे चलाकर अनावश्यक खर्च न करें।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कांग्रेस की देन : सृष्टि

नारी शक्ति वंदन आरक्षण बिल पर व्हाट्सएप ग्रुप में भ्रामक जानकारी प्रसारित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लोकसभा में पास नहीं होने पर जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा जिला पंचायत सदस्यों के व्हाट्सएप ग्रुप में व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कराने संबंधी एक पत्र वायरल किया गया है। जिसे पूर्णतः असंवैधानिक व नियम विरूद्ध बताते हुए जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार को ज्ञापन सौंपकर की है।

- निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जिपं सदस्य सृष्टि ने उक्त वायरल पत्र को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा है कि किसी भी सरकारी संस्था में संवैधानिक रूप से राजनैतिक दलों के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लोकसभा में बिल पास न होने की निंदा करते हुए विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के विरुद्ध आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। जिसमें ना ही किसी का हस्ताक्षर है, और ना ही सील मुहर। जिला पंचायत एक संवैधानिक संस्था है, जहां चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते हैं। अतः किसी भी राजनीतिक दल अथवा गठबंधन के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव जारी करना न केवल अनुचित है बल्कि यह पूर्णतः गैर-संवैधानिक कृत्य है। वर्तमान 15 सदस्यीय जिला पंचायत में 8 महिला सदस्य एवं स्वयं अध्यक्ष महिला हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में कांग्रेस की पूर्ववर्ती नीतियों एवं कांग्रेस सरकार की देन है। पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण अनिवार्य रूप से 24 अप्रैल 1993 को 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के लागू होने के साथ शुरू हुआ। जिसके तहत महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित की गईं। यह आरक्षण अनुच्छेद 243डी के तहत आज भी पंचायतों के सभी स्तरों पर लागू है, जो कांग्रेस सरकार की देन है। 1993 में कांग्रेस की सरकार थी तथा भारत के प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव थे। उन्होंने 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक देश के 9वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल में ही 1993 में 73वां संवैधानिक संशोधन (पंचायती राज) पारित किया गया था। ऐसे में किसी दल विशेष के विरुद्ध इस प्रकार का प्रस्ताव भेजना तथ्यहीन एवं भ्रामक है। सृष्टि ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिन अधिकारियों द्वारा इस प्रकार का अनधिकृत प्रस्ताव प्रसारित किया गया है, उनके विरुद्ध आवश्यक सख्त कार्रवाई की जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411